आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार

- केंद्र सरकार ने चक्की–बनीखेत–चंबा–भरमौर सड़क पर तटबंधों की मुरम्मत के लिए 93 करोड़ 55 लाख रूपये को दी मंज़ूरी।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– शीतकालीन सत्र में विपक्ष के हर सवाल का तथ्यों सहित जवाब देगी सरकार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राजभवन का घेराव करने और प्रधानमंत्री का पुतला जलवाने की घटना को बताया शर्मनाक।
- सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्र सरकार की योजनाओं को तय समय में पूरा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश
- प्रदेश में ठंड का प्रकोप बढ़ा– कई क्षेत्रों में तापमान शून्य से नीचे।

.............

## मंज़ूरी

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग 154–ए के तहत चंबा ज़िले के चक्की–बनीखेत–चंबा–भरमौर सड़क के संवेदनशील स्थानों पर तटबंधों की विशेष मुरम्मत के लिए 93 करोड़ 55 लाख रूपये मंजूर किए हैं। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में बताया कि मॉनसून के दौरान इस राजमार्ग को बार–बार हो रहे नुकसान को देखते हुए इस मुद्दे को केंद्र के समक्ष उठाया गया था। उन्होंने कहा कि योजना को पूरी सावधानी के साथ कार्यान्वित किया जाएगा और सभी कार्य परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी तकनीकी दिशा–निर्देशों के अनुसार किए जाएंगे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 154–ए पर्यटन, व्यापार और स्थानीय लोगों के आवागमन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## शिक्षा मंत्री

प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 26 नवम्बर से धर्मशाला के समीप तपोवन में शुरू होने जा रहा है। सत्र के दौरान विपक्ष कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि ये सत्र अब तक का सबसे बड़ा शीतकालीन सत्र होने जा रहा है और इसे लेकर सरकार पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान विपक्ष के हर सवाल का तथ्यों सहित जवाब दिया जाएगा।

## बागवानी मंत्री

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि एच.पी. शिवा परियोजना किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के साथ–साथ बागवानी क्षेत्र में नए अवसर प्रदान कर रही है। सुंदरनगर की खुराहल पंचायत में आज परियोजना से जुड़े नए कलस्टर में चल रही गतिविधियों का जायज़ा लेने के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार किसानों और बागवानों के हित में निरंतर कार्य कर रहीं है। बागवानी मंत्री ने एच.पी. शिवा परियोजना का क्रियान्वयन कर रही कंपनी के प्रतिनिधियों को निर्धारित लक्ष्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना से किसानों व बागवानों को आय के स्थायी साधन प्राप्त हुए हैं।

## भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य में अलग–अलग स्थानों पर हो रही गोलीबारी की घटनाओं को माफियाराज की देन बताया है। कांगड़ा ज़िला के देहरा में आज एक बैठक में उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों और बदहाल कानून व्यवस्था के खिलाफ भाजपा 4 दिसंबर को धर्मशाला में विरोध प्रदर्शन करने जा रही है। बिंदल ने कहा कि प्रदेश की शांति, संस्कृति और कानून व्यवस्था को बचाने के लिए भाजपा निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

## श्रम संहिता

भारतीय मजदूर संघ ने चार नई श्रम संहिताओं को लागू करने का स्वागत किया है। मजदूर संघ के राष्ट्रीय सचिव गिरीश आर्य ने कहा कि यह आज़ादी के बाद से श्रमिकों के पक्ष में किया गया सबसे बड़ा सुधार है। उन्होंने कहा कि इससे श्रमिक सशक्त होंगे और अनुपालन आसान होगा। भारतीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष डॉक्टर दीपक जायसवाल ने कहा कि लगभग 50 करोड़ लोग असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं और नई श्रम संहिताओं के लागू होने से अब उनका न्यूनतम वेतन पूरी तरह सुनिश्चित हो जाएगा।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश के साथ–साथ शिमला ग्रामीण के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। शिमला ज़िले के जुब्बड़हट्टी में आज एक मेले के दौरान उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों का समान विकास सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने बताया कि जाठिया देवी के समीप एक नया शहर बनाने की योजना है, जिसके लिए करीब 2 हज़ार 6 सौ बीघा भूमि की आवश्यकता है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य जारी है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि इस परियोजना पर करीब एक हज़ार 3 सौ करोड़ रूपये की राशि खर्च की जाएगी।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं द्वारा राजभवन घेराव करवाने और प्रधानमंत्री का पुतला जलवाने की घटना को शर्मनाक बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत के चलते कांग्रेस बेहद कुंठित है और ये घटना भी इसी कुंठा का परिणाम है। जयराम ठाकुर ने इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सत्ता के संरक्षण में संविधान पर इस तरह का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि राजभवन की एक गरिमा है और सरकार को इसे बनाए रखने की ज़रूरत है।

दिशा बैठक

सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्र सरकार की योजनाओं को तय समय में पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सोलन में आज ज़िला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक में उन्होंने योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर भी बल दिया। सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य को भरपूर मदद मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं को सही तरीके से क्रियान्वित नहीं कर पा रही है।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि सरकार शिक्षा क्षेत्र में निरंतर सुधारात्मक कदम उठा रही है, जिसके चलते हिमाचल राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा में पांचवें स्थान पर पहुंचा है। बिलासपुर ज़िले के राजकीय विद्यालय भगेड़ के वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि सरकार का आगामी लक्ष्य हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता से जोड़ना है, जिसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की ज़रूरत है। राजेश धर्माणी ने विद्यार्थियों से मोबाईल का सीमित उपयोग करने सहित खेलकूद, योग, प्राणायाम और पुस्तकें पढ़ने की आदत विकसित करने का आह्वान किया।

नशामुक्त अभियान

ऊना ज़िला को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए ज़िला प्रशासन एक व्यापक जन जागरूकता आंदोलन के साथ आगे बढ़ रहा है। इस उद्देश्य से तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण के तहत पंचायतों में तंबाकू मुक्त गांव बनाने पर ज़ोर दिया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश के तीन क्षेत्रों का तापमान माइनस में दर्ज किया गया है जबकि कई बड़े शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे चला गया है। तापमान में भारी गिरावट के चलते जनजातीय इलाकों में जनजीवन प्रभावित होने लगा है। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने और तापमान में गिरावट का क्रम जारी रहने की संभावना जताई है।